आकाशवाणी केन्द्र शिमला

08.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुद्रा ऋण

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत अब तक 52 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैंख् जिसमें 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि आवंटित की गई है। इस योजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2015 में गैर–कॉर्पोरेट, गैर–कृषि, लघु और सूक्ष्म उद्यमों को दस लाख रुपये तक के जमानत–मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए शुरू किया था। इसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को सुविधाजनक बनाना और उद्यमियों को सशक्त बनाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुद्रा योजना के लाभार्थियों के साथ आज संवाद कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज से गुजरात के अहमदाबाद में होने वाले कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन और कार्यसमिति की बैठक में शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह व राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप राठौर सहित प्रदेश के अन्य कांग्रेस नेता भी इस अधिवेशन में मौजूद रहेंगे।

वोकेशनल शिक्षक

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कार्यरत वोकेशनल शिक्षकों का शिमला में चल रहा रोष प्रदर्शन आज भी जारी है। वोकेशनल शिक्षक संघ की मांग है कि वे सर्विस प्रोवाइडर कंपनी के अधीन कार्य नहीं करना चाहते और केंद्र से आने वाला पैसा कंपनी को न देकर सीधे व्यावसायिक शिक्षकों को दिया जाए। इस बीच वोकेशनल शिक्षकों के धरने को लेकर कल शिमला में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रोजेक्ट केंद्र का है और प्रदेश सरकार के हाथ में जो होगा, वो किया जाएगा।

वहीं दूसरी ओर शिमला में सघर्षरत दृष्टिबाधित संघ की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इनकी मांगों के प्रति संवेदनशील है।

भाजपा

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेदकर की जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कल भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तय किए गए आगामी कार्यक्रमों के अनुसार 13 अप्रैल को प्रदेश भर में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर

स्वच्छता अभियान के अलावा दीप प्रज्वलन किया जाएगा। 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर जयंती को बूथ स्तर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 15 से 25 अप्रैल तक जिला स्तर पर संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगीं।

पोषण पखवाड़ा

पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण आज से शुरू हो गया है। अभियान के तहत प्रदेश में पोषण जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम 22 अप्रैल तक आयोजित किये जायेगे। पोषण अभियान का उद्देश्य प्रौद्योगिकी और परंपरा के मिश्रण से बच्चों और महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना है। यह पखवाड़ा बच्चे के जीवन के पहले एक हजार दिनों पर केंद्रित है क्योंकि यह बाल विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवधि है।

मौसम

प्रदेश में गर्मी का प्रकोप बढ़ने लगा है और अधिकतम तापमान में बढ़ौतरी दर्ज की जा रही है। राज्य के 10 जिलों में पारा 30 डिग्री से ऊपर चल रहा है, जबकि ऊना में पिछले कल तापमान 36 दशमलव 8 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आज प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में गर्म हवाएं चलेंगी।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला, पंजाब केसरी और दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–बिजली बोर्ड में फील्ड स्टाफ समेत कई पदों पर जल्द होगी भर्ती। हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–अगले माह शिमला आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू–5 या 6 मई को उनके राजधानी आने का दौरा प्रस्तावित।

मौसम पर दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–गर्मी ने तोड़े रिकार्ड, आज भी चलेगी लू–10 से ऊंचे क्षेत्रों में बारिश व बर्फबारी से राहत की उम्मीद।

दैनिक भास्कर लिखता है–दहकने लगे जंगल–चार जिलों में छह जगह लगी आग, 23 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र प्रभावित।